भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3578

उत्तर देने की तारीख: 16.03.2020

मातृभाषा दिवस

†3578. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री संजय सदाशिव राव मांडलिकः

श्री बिद्युत बरन महतोः

श्री गजानन कीर्तिकरः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश में मातृभाषा दिवस मनाया/आयोजित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस तरह के दिवस को मनाने/आयोजित करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;
(ग) उक्त दिवस में सरकार द्वारा विभिन्न भाषाओं में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा देश भर में लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न भाषाओं को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए अन्य कौन-से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): जी, हां। भारत सरकार ने 21.02.2020 को सभी शिक्षण संस्थानों में मातृभाषा दिवस मनाया। भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं तथा बहुभाषिकता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में हर साल 21 फरवरी को निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों के साथ मनाया जाता है:

i) मातृभाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं को भी सीखना

ii) भारत में विविध संस्कृति को समझना और साहित्य, शिल्प, प्रदर्शन कला, लिपि और रचनात्मक अभिव्यक्ति के अन्य रूपों के विभिन्न फोरम मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को विभिन्न गतिविधियों जैसे वक्तृता, वाद-विवाद, गायन, निबंध लेखन, और चित्रकला प्रतियोगिताओं, संगीत प्रदर्शन, प्रदर्शनियों आदि का आयोजन करके मातृभाषा दिवस मनाने

का परामर्श दिया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय ने संयुक्त रूप से मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में एक उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया।

(घ) : सरकार की नीति सभी भारतीय भाषाओं का संवर्द्धन करना है। केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल), मैसूर सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार के लिए काम करता है और हिन्दी, उर्दू, सिंधि एवं संस्कृत भाषाओं के संवर्द्धन के लिए अलग संस्थान हैं।

*****